
### एक नजर में

#### समाजसेवी हजारीलाल सोमानी का निधन

**सारंगपुर 06 फरवरी, सं.** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोमानी पिता



वरिष्ठ समाजसेवी हजारी लाल सोमानी का गुरुवार रात्रि 11 बजे निधन हो गया. उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई. वह हंसमुख, मिलनसार एवं सरल प्रवृत्ति के समाजसेवी थे. शवयात्रा उनके स्वनिवास से शुक्रवार प्रात: 11 बजे मुक्तिधाम पहुंची जहां उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी. उपस्थित स्वजनों ने स्व. सोमानी को श्रद्धांजलि अर्पित की.

#### संपूर्णता अभियान के चयनित संकेतकों की प्रगति की समीक्षा

**राजगढ़ 06 फरवरी, का.** कलेक्ट्र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सम्पूर्णता अभियान के चयनित संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की गई. स्वास्थ्य विभाग को एमएसडब्ल्यू विभाग के साथ डेटा का मिलान कर आपसी समन्वय में मौजूद गैप की पहचान करने के निर्देश दिए गए. शिक्षा विभाग एवं आंगनवाड़ी विभाग को वाश ऑन व्ही ल ऐप में पंजीयन सुनिश्चित करने तथा जिन स्थानों पर शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण हो रहा है, उन प्रत्येक शौचालय की जियो-टैग्ड फोटोग्राफ्स साझा करने के निर्देश दिए गए. साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को नवाचार आधारित परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सर्वेक्षण सही तरीके से किया जाए एवं बेसलाइन डेटा का ग्राउंड लेवल पर सत्यापन हो।बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ संकेतक-वार वन-टू-वन चर्चा की गई तथा सभी चयनित संकेतकों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।सम्पूर्णिता अभियान के तहत विशेष दिवसों पर विशेष शिविरों के आयोजन पर भी विशेष जोर दिया ताकि हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके. इसके अतिरिक्त डी.डी.ए., उद्यानिकी विभाग, डी.पी.एम. की बैठक मुख्यू कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित करने के निर्देश दिए गए, जिसमें ऑरेंज प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी.

#### जैतपुराकलां में करियर मार्गदर्शन कार्यशाला

**खिलचीपुर 06 फरवरी, सं.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेतपुरा कलां में करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें राजगढ़ से आये सेवानिवृत शिक्षक सत्यनारायण शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन एवं तनाव मुक्त जीवन शैली के बारे में बताया. इस अवसर पर विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया. इस कार्यशाला में शाला परिवार के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे ,कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक राम प्रसाद लववंशी ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य राधे श्याम चौहान ने किया.

# उमावि में उच्च सुविधाओं के लिए 25 करोड़ मिले

## ब्यावरा, सुठालिया और सारंगपुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्ष, प्रयोगशाला और परिसर का सौंदर्यीकरण होगा

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर/सुठालिया 06 फरवरी, सं.** जिले के 2 विकासखण्डों में परीक्षा से पूर्व अच्छी खबर सामने आई है. आगामी शिक्षा सत्र के लिए यह महत्वपूर्ण खबर है. जिले में दोनों विकासखण्डों में मिलाकर करीब 25 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है. इस सौगात का राज्यमंत्रीद्वय गौतम टेटवाल और नारायण सिंह पंवार ने जानकारी साझा करते हुए बताया. इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है. विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा. स्वीकृत राशि से विद्यालय भवनों के सौंदर्यकरण, पुस्तकालयों, शौचालयों एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों के विकास कार्य किए जाएंगे. इससे न केवल विद्यार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि होगी, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा.





### कूलर, ग्रीन बोर्ड, कैमरों से लैस होंगी शालाएं

ब्यावरा स्थित शासकीय कन्या हा.से. स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशाला की संख्या, सिविल कार्य, कूलर, ग्रीन बोर्ड व कैमरा लगाए जाने हेतु 1 करोड़ 78 लाख 76 हजार रुपये, शासकीय हा.से. बालक स्कूल सुठालिया के लिए बाउण्ड्रीवॉल, मरम्मत कार्य, टॉयलेट निर्माण, एप्रोच सीसी रोड निर्माण हेतु 5 करोड़ 80 लाख 83 हजार रुपये तथा शासकीय कन्या हा. से. स्कूल सुठालिया में अतिरिक्त कक्ष, गेट, मरम्मत कार्य हेतु 2 करोड़ 32 लाख 36 हजार रुपये एवं शासकीय हा.से. स्कूल लखनवास में 7 अतिरिक्त कक्ष, मरम्मत कार्य, टॉयलेट निर्माण के लिए 2 करोड़ 10 लाख 51 हजार रुपये स्वीकृत हुए है. उक्त राशि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा स्वीकृत की गई है. स्वीकृत राशि से विद्यालय भवनों के सौंदर्यकरण, पुस्तकालयों, शौचालयों एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों के विकास कार्य किए जाएंगे. अतिरिक्त कक्षों का निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यो के लिए लगभग 12 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है. राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात के रुप में 12 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है.

### स्कूलों में कक्ष, प्रयोगशालाओं लिए 13 करोड मिले

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 06 फरवरी, सं.** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण, प्रयोगशालाओं, बाउंड्रीवाल, गेट, टायलेट, रिपेयरिंग एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के सतत प्रयासों एवं सुझावों के परिणाम स्वरूप कुल 13.32 करोड (लगभग) की स्वीकृति प्रदान की गई है. वहीं विद्यार्थी तथा शिक्षक हेतु फर्नीचर इंटरैक्सिट पैनल की राशि के लिए 88.2 लाख रुपये की स्वीकृत प्रदान की गई है. वहीं स्वीकृत के बाद राज्यमंत्री टेटवाल ने बताया कि यह सभी कार्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, सुविधाजनक अधोसंरचना एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे. उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्रीजी एवं शिक्षा मंत्रीजी का हृदय से आभार व धन्यवाद जिन्होंने सारंगपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए निरंतर विकास कार्य की स्वीकृत प्रदान कर रहे है. सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है और आगे भी स्वीकृति के निण् प्रतिबद्ध है.

### 6 स्कूलों में इतनी राशि से होंगे विकास कार्य

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा स्वीकृति की जानकारी को लेकर राज्यमंत्री टेटवाल को जारी पत्र के माध्यम से बताया कि प्रधानमंत्री जी के मार्ग दर्शन में नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आपके सुझाव अनुसार विभिन्ना निर्माण कार्य किये जाने के लिए राशि स्वीकृत की गई है. जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय के लिए 388.21 लाख, शासकीय कन्या स्कूल के लिए 188.56 लाख, शासकीय उमावि पाडल्यामाता के लिए 229.88, शासकीय उमावि लीमाचौहान में 152.97 लाख, शासकीय उमावि टिकोद के लिए 126.66 लाख, शासकीय उमावि पटाडिया धाकड़ के लिए 243.63 लाख रुपये स्वीकृत किए गए है.

### वार्षिकोत्सव में मोबाइल से दूर रहने की नसीहत

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 06 फरवरी, सं.** शेफील्ड हिल्स पब्लिक स्कूल में 4 फरवरी को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम नरसिंहगढ़ सुशील कुमार सिंह थे. कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक समिति की अध्यक्ष एवं संचालिका डॉ. वंदना सिंह द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत एवं अभिनंदन से हुई. कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा दिव्यांशा ने किया. अपने स्वागत भाषण में डॉ वंदना सिंह ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें, क्योंकि ये गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. उन्होंने पालकों को बच्चों से मोबाइल न देने का भी आग्रह किया एवं बालक ओर बालिकाओं की संपूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया. समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं. विशेष रूप से वीर शिवाजी के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, कृष्ण लीला एवं महिषासुर मर्दिनी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया. प्रस्तुति देने वाले छात्रों के नाम है शिवाय राठौर, अथर्व कश्यप,वैदिक व्यास,प्रियांशी साहू, नंदिनी शिवहरे,वैदिक झाला शौर्य व्रत सिंह आदि शामिल हुए. मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंह ने उद्बोधन दिया.

# राजस्व मंत्री की दो टूक काम समय पर करें

## अतिक्रमण हटाने व जनसेवा पर जोर



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 06 फरवरी, का. मध्यप्रदेश शासन राजस्वण विभाग मंत्री करण सिंह वर्मा की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, भाजपा जिला अध्योक्ष एवं जिला विकास एवं निगरानी समिति सदस्यक ज्ञान सिंह गुर्जर, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, मुख्यं कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टतर प्रताप सिंह चौहान एवं अतिरिक्तअ पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज उपस्थित रहे.**

बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, स्वामित्व योजना, किसान रजिस्ट्री एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की प्रगति की प्रतिशतवार गहन समीक्षा की गई. साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर चर्चा कर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।मध्यपप्रदेश शासन राजस्वव विभाग मंत्री श्री वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों को फील्ड में रहकर कार्य करने, सुविधाओं पर नहीं बल्कि कर्तव्यों पर ध्यान देने, सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने, पद की गरिमा बनाए रखने तथा अपने दायित्वों के माध्यम से आमजन की सहायता करने के निर्देश दिए.

कार्यक्रम के अंत में मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्री श्री वर्मा ने संकल्पअ से समाधान मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया. साथ ही राजस्व के कर्मचारियों एवं उनके कार्यो की प्रशंसा भी की एवं अतिक्रमण हटाने पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

### ब्राइट करियर पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**बोड़ा 06 फरवरी, सं.** नगर के बाईट करियर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने सीनियर कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया. 12वी के छात्रों द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. सरस्वती वंदना विद्यालय शिक्षिका मीरा साध मैडम द्वारा प्रस्तुत की गई. स्वागत गीत की 12वीं की छात्राएं सोना सुमन प्रगति शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया. 12वीं के सभी छात्र छात्राओं को उपहार प्रदान किए गए साथ ही प्री बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर मंच का संचालन शिक्षक सुनील वैष्णव द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त कक्षा 12वीं के छात्र शशिकांत वैष्णव द्वारा किया गया. विद्यालय के संचालक श्याम सुंदर वैष्णव एवं संचालक राजेंद्र सुमन द्वारा बच्चों को परीक्षा से संबंधित जानकारी दी गई एवं जीवन में पढ़ाई का महत्व बताया बताया. विद्यालय प्राचार्य मनीष रानोलिया द्वारा गीत की प्रस्तुति दी. शिक्षक राजेश व्यास, मितेश कुमार बैरागी, नकुल वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, संदीप वैष्णव, वैभव वैष्णव, राकेश यादव, मनीष राठौर, भगवान सिंह भाटी, आयुषी वैष्णव, अंकित राठौर, रितु शर्मा, आशा तोमर सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की.

# बालिकाओं को सायबर, मार्शल आर्ट की दी जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 06 फरवरी, का.** पुलिस विभाग एवं युवा विकास मंडल संस्था राजगढ़ के समन्वय से शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर, सरेड़ी में कम्युनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत किशोर सशक्तिकरण हेतु सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. राजगढ़ कोतवाली में बालक एवं बालिकाओं की एक्सपोजर विजिट कराया गया, जिसमें थाना प्रभारी मेम द्वारा उपस्थित सभी बच्चों को थाने पर होने वाली गतिविधियों एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया. इसके पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम गए, जिसमें कंट्रोल रूम प्रभारी द्वारा जिले में सभी थानों से वायरलेस से किस प्रकार सूचना दी जाती है, एवं कैसे कनेक्टिविटी रहती रहती अपराधों एवं घटनाओं को किस प्रकार वायरलेस से जानकारी दी जाती है. बताया गया फॉरेंसिक जांच कैसे होती है इस बारे में सायबर एक्सपर्ट एवं उनकी टीम द्वारा विस्तृत जानकारी बच्चों को दी गई.

सीसीटीवी कैमरों से कैसे विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी रखी जाती है, एवं अगर कही कोई घटना हो जाती हे तो किस प्रकार से कैमरे से जानकारी निकाली जाती है. इस अवसर पर पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक मार्शल आर्ट ट्रेनर सर्जन कार्यक्रम कुलदीप चंद्रपाल एवं युवा विकास मंडल संस्था की टीम उपस्थित रही. आयोजन में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं एडिशनल एसपी केएल बंजारे के मार्गदर्शन में, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा/एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर, प्रभारी सर्जन कार्यक्रम एवं महिला थाना प्रभारी राजगढ़ श्रीमति राधिका भगत, नोडल अधिकारी सर्जन कार्यक्रम एवं आरआई उर्मिला चौहान एवं सुश्री मधु रघुवंशी सूबेदार आदि मौजूद रहे.

# होली पर निकलेगी समरसता रैली, करेंगे सुंदरकांड

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 06 फरवरी, सं.** आगामी होली पर्व को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर की बैठक गुरुवार को अम्बे माता मंदिर परिसर में समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में होली के अवसर पर पांच दिवसीय रंगारंग उत्सव मनाने को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई. बैठक का संचालन वैभव पुष्पद ने किया. बैठक में तय किया गया कि 2 मार्च सोमवार को अम्बे माता मंदिर से बाल्मीकि समाज के द्वारा समरसता का संदेश देते हुए रामायण जी लेकर चल समारोह निकालकर बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा. 3



मार्च मंगलवार को गमी वाले घरों पर सामूहिक रूप से रंग डालने का कार्यक्रम आयोजित होगा. वहीं 4 मार्च बुधवार को मुखर्जी चौक में संगीत निशा का आयोजन किया जाएगा. इसी क्रम में 5 मार्च गुरुवार को बस स्टैंड पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा 6 मार्च शुक्रवार को रात्रि में बस स्टैंड पर कवि सम्मेलन का आयोजन होगा. इसके पश्चात 8 मार्च रविवार को बालरूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड से रंग पंचमी पर सामूहिक गैर निकाली जाएगी. सकल पंच फुलमाली समाज अध्यक्ष शिव नारायण काका, बैठक में महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, मुक्तिधाम अध्यक्ष अनिल बारकिया, अशोक साहू, महेश पाटीदार,धन सिंह पुष्पद सतीश राठौर, नितेश मिश्रा, मांगीलाल पाटीदार, सतीश गिरजे, सतीश मिश्रा, दिनेश सिसौदिया सहित हिन्दू उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहे. उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नवीन रुण्डवाल ने दी. बैठक के अंत में सुशील व्यास ने आभार व्यक्त किया.

### मतदान केंद्र तारागंज का निरीक्षण किया

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 06 फरवरी, सं.** एसआईआर अन्तर्गत लोजिकल डिस्क्रीपेंसी के निराकरण हेतु एईआरओ सुश्री ज्योति सुनहरे सीएमओ द्वारा 129 तारागंज मतदान केन्द्र पर नियुक्त बीएलओ जयसिंह पुष्पद के साथ लोजिकल डिस्क्रीपेंसी मतदाताओं के जारी नोटिस अनुसार निरीक्षण किया. मतदान केंद्र क्रं. 126 कालुखेडा, 127 व 128 तलेनी मतदान केंद्रों के बीएलओं को भी शेष रहे नोटिस को वितरण कर मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर प्रमाणीकरण एवं सत्यापन हेतु बीएलओ एप पर अपलोड करने तथा कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने एवं किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे एवं अपात्र मतदाता का नाम जुडे इसको ध्यान में रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया.

**उपज** ▶ **उपार्जन का शुभारंभ आज से, गेहूं के लिए पंजीयन होंगे शुरू, जिले में 84 केंद्रों पर व्यवस्था**

# नरसिंहगढ़ तहसील में सबसे ज्यादा 17 पंजीयन केंद्र बनाए

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा/राजगढ़ 06 फरवरी, का.** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन आज 7 फरवरी से शुरु होकर 7 मार्च तक किए जाएंगे.जिले में 84 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गये है, इनमें सर्वाधिक पंजीयन केन्द्र नरसिंहगढ़ तहसील में 17 स्थानों पर रहेंगे. जबकि सबसे कम 3 केन्द्र खुजनेर में है.

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है, इस अवधि में किसान पंजीयन करा सकते है. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का कहना है कि किसान बंधु निर्धारित समय में पंजीयन करा ले. ताकि किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो.



पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है.

### इस बार 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक रेट

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है. ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था रहेगी. जबकि एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था रहेगी. इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे. प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा. किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा. सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी. इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा.

### तहसीलवार केंद्रों की स्थिति

तहसीलवार पंजीयन केन्द्र की संख्या इस प्रकार है. नरसिंहगढ़ तहसील में सर्वाधिक 17 पंजीयन केन्द्र बनाए गये है. जबकि सुठालिया में 12 केन्द्र, सारंगपुर में 11, पचोर एवं ब्यावरा में 9-9 केन्द्र, जीरापुर एवं राजगढ़ में 8-8 केन्द्र, खिलचीपुर में 7 तथा खुजनेर तहसील में 3 पंजीयन केन्द्र है.

# युवती से दुष्कर्म के दो आरोपी हिरासत में, ग्रामीणों ने पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**छापीहेड़ा 06 फरवरी, सं.** थाना क्षेत्र के कांकरिया गांव की युवती के साथ गुरुवार को दुष्कर्म का मामला सामने आया है. फरियादिया परिवर्तन कुमकुम राठौर उम्र 18 साल 10 माह निवासी ग्राम कांकरिया थाना छापीहेड़ा ने थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि 05 फरवरी 26 को उसके मां-पिता व भाई बहन गुराडियां गांव में मौसी के लड़के की शादी में गये थे. वह घर पर अकेली थी. रात करीब 11.30 बजे गांव का सुरेश दांगी व सुरेश का भानेज कालूसिह दांगी दोनो मेरे घर आए, मेरे हाथ पकड़ लिये और मुंह पकड़ लिया. मुझे जबरदस्ती अपने साथ मोटरसाईकिल पर बीच में बैठाकर सुरेश दांगी के कुआं पर ले गये. घासफूस की टापरी में ले सुरेश ने मेरे साथ जबरदस्ती की. उसके बाद सुरेश व कालूसिंह मुझे वापस मोटरसाईकिल से मेरे घर छोडने आये. कालूसिंह मोटरसाईकिल चला रहा था मोटरसाईकिल स्पीड में थी ,तो मेरे घर से थोड़ी दूरी पर मोटरसाईकिल स्लिप हो गयी और हम गिर गये. गांव वालों ने देख लिया तो सुरेश व कालूसिंह वहां से भाग गये. उसी समय आरोपीयों की मोटरसाइकिल फिसल गई. ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया. तुरंत डायल 112 को मामले की सूचना दी. पुलिस टीम के मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों समेत पीड़िता को थाना लाया गया. थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस ने राउंडअप कर लिया है उनके खिलाफ ब्नहस् की धारा 64(1), 137(2), 87,70(1) में मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है.